हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 31 दिसंबर 2023
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

4 नवीन कन्या कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर



खबर संक्षेप

### स्कूल गेम्स में सोनिका ने जीता गोल्ड मैडल



**सूरजपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिता के दौरान 1500 मीटर दौड़ में जिले की कुमारी सोनिका राजवाड़े ने गोल्ड मैडल हासिल किया है। प्रतियोगिता के दौरान छात्रा ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है। बताया जा रहा है कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में अध्ययनरत छात्रा कुमारी सोनिका राजवाड़े को जिला प्रशासन की पहल से भोपाल के स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया (एसएआई ) में सीधे प्रवेश दिलाया गया था। जिसके सुखद परिणाम आज जिले को प्राप्त हुए है। प्राप्त जनकारी के अनुसार स्कूल गेमस् फेडरेशन ऑफ इण्डिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित दौड प्रतियोगिता में कुमारी सोनिका राजवाड़े ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह पदक उसने 1500 मीटर की दौड में हासिल किया है। जिससे न केवल सूरजपुर अपितु संभाग व राज्य का नाम भी गौरवान्तित हुआ है। कुमारी सोनिका राजवाड़े की इस उपलब्धि पर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा छात्रा को बधाई दी गई व उसके उज्वल भविष्य के लिए कामना की गई।

### कोरोनाः स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश



**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार भारत के केरल राज्य में पाये गए नये कोरोना वायरस (जे.एन.-1) के फैलाव होने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह ने दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में कोविड के संक्रमण का कोई मामला नहीं है। जिले में समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड जांच की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। सर्दी, बुखार, खांसी या सांस में तकलीफ होने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या जिला चिकित्सालय में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार करावें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे- मास्क लगाना, सैनिटाइजर का उपयोग, सोशल डिस्टेन्सिंग अपनावे। कोविड के संभावित लक्षण वाले व्यक्ति से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें।

### डिवाइडर से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** नाना का घर पहुंचा कर अकेले बाइक से लौट रहा युवक ग्राम सरईपानी के समीप अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम पेटला निवासी सुखलाल कुमार आ. विफल साय (20 वर्ष) गत ग्राम बटकुरा निवासी नाना के यहां गया था। युवक बाइक से नाना को पहुंचाने ग्राम गोडपहरी बगीचा गया था। शाम को युवक अकेले वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम सरईपानी के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

कोरिया-एमसीबी जिले में स्थित हैं कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल

# साल के अंतिम दिन पिकनिक स्पॉट पर्यटकों से रहेंगे गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाने अन्य जिलों से पहुंच रहे लोग

साल 2023 को अलविदा कह नए साल 2024 का जश्न मनाने का दौर शुरू हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद पिकनिक स्पॉट पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। वहीं कोरिया और एमसीबी के कई प्राकृतिक और सुंदर नजारे राज्य भर से पर्यटकों को लुभा रहे हैं।

नए साल के स्वागत के लिए युवाओं-बच्चों में खासा उत्साह है। साल को विदाई देने के लिए पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ जुट रही है। हालांकि कोरिया और एमसीबी का आंचल प्राकृतिक झरनों और सुंदर घाटियों से भरा पड़ा है, यही कारण है कि यहां दूर-दराज से भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। चाहे कोरिया का झुमका जलाशय, गौरघाट हो या एमसीबी का अमृतधारा जलप्रपात, रमदहा जलप्रपात इन दिनों लोगों की चहल कदमी से गुलजार हो उठा है। वहीं बैकुंठपुर में स्थित झुमका भी लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट बनता जा रहा है। ठंड के मौसम में भी लोगों को यह जलप्रपात लुभा रहा है। चारों ओर जंगल और पहाड़ों से घिरे गौरघाट झरना और यहां की प्राकृतिक वादियों का लोग खूब आनंद उठा रहे हैं। जंगलों से बहकर आने वाले कल-कल ठंडी हवा और घने वृक्षों की लंबी श्रृंखला से सजी सुरम्य बालम घाटी वादियां सहित लगभग तीन से चार प्राकृतिक जलप्रपात क्षेत्र में देखने को मिल जाते हैं। यहां पहुंचकर मन में खूबसूरत, प्राकृतिक सौंदर्य की एक नई उमंग पैदा हो जाती है। पर्यटन स्थलों से हटकर सोनहत क्षेत्र में कटगोड़ी के पास भी समुंदई जलप्रपात है, यह जलप्रपात ऐसा है जो बारिश के समय खिल उठता है। झरने के दोनों तरफ घने जंगल का नजारा के साथ गहरी खाई और बालम घाटी का सौंदर्य देखते ही बनता है। यहां इन दिनों आसपास के लोग काफी संख्या में पहुंचकर प्रकृति का आनंद उठा रहे हैं। वहीं मनेन्द्रगढ़ नर्सरी के पास स्थित हसदेव नदी किनारे बनाए गए पिकनिक स्पॉट पर भी लोगों की भीड़ मनोरम दृश्य का लुत्फ उठाने के लिए जमा हो रही है।



पिकनिक स्पॉट पर जुटी लोगों की भीड़।

### साल के पहले दिन सैलानियों की होगी भीड़


साल 2023 अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है, इसके बाद वर्ष 2024 का आगाज होगा। आने वाले नूतन वर्ष के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्लान बनाकर पिकनिक मनाने एवं दर्शनीय स्थलों की सैर करने पहुंचते हैं। नए वर्ष 2024 के पहले दिन कोरिया-एमसीबी जिले के प्रमुख पिकनिक स्थल दिनभर गुलजार रहेंगे। सबसे ज्यादा सैलानियों की भीड़ पिकनिक एवं घुमने फिरने के लिए अमृतधारा जल प्रपात स्थल पर जुटती है। यहां कोरिया-एमसीबी जिला ही नहीं बल्कि पड़ोसी अन्य जिले के लोग भी पहुंचते हैं।

### झुमका बोट क्लब




बैकुंठपुर से सागरपुर की ओर जाने वाले रास्ते से झुमका बोट क्लब पहुंचा जा सकता है, इसे झुमका बांध के नाम से भी जाना जाता है। यहां दूर-दूर से पर्यटक पहुंचते हैं। छोटे बच्चों के लिए प्ले पार्क लोगों के लिए बोटिंग सुविधा के साथ ही बेहद सुंदर जलाशय के नजारे के कारण यह लोगों को लुभा रहा है। झुमका बांध तक पहुंचने के लिए पक्का रास्ता बनाया गया है, जिला प्रशासन ने भी इसे बेहद खूबसूरती के साथ विकसित किया है। बेहद बड़ी मछली के आकार का एक्वेरियम यहां बनाया गया है। वहीं छोटे बच्चों के लिए यहां मिकी माउस सहित अन्य झूले भी बच्चों को आकर्षित करते हैं।

### सोनहत का बालम पहाड़



गुरु घासीदास राष्टीय उद्यान अपने आंचल में कई प्राकृतिक वन संपदा और वन्य जीवन समेटे हुए हैं। किसी का एक उदाहरण सोनहत तहसील में पड़ने वाला बालम घाट है। बालम घाट का नाम जितना रोचक है, उतनी ही आकर्षक यहां की प्राकृतिक मनोरम छटा है। बालम पहाड़ी के छोर पर स्थित इस घाट की सुंदरता बरबस ही लोगों को अपनी ओर खींचती है। हरे-भरे वनों पर जब सूर्य की पहली किरण पड़ती है तो इस घाट की सुंदरता देखते ही बनती है। सोनहत बाजार से महज 7 किमी की दूरी पर स्थित इस प्राकृतिक नजारे का लुफ्त उठाने भी लोग काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। यह बालम घाट विलुप्त हो रहे वन्यजीवों के दिखने के बाद भी चर्चा में बना हुआ है।

### अमृतधारा जलप्रपात



एमसीबी जिले के ग्राम लाई में स्थित इस प्राकृतिक जलप्रपात की चर्चा प्रदेश के बेहद मनोरम जलप्रपातों में है। हसदेव नदी पर प्राकृतिक रूप से बना यह जलप्रपात करीब 90 फीट ऊपर से गिरते झरने के कारण बेहद सुंदर लगता है। इस जलप्रपात से महज 100 मीटर की दूरी तक लोग अपने वाहनों को लेकर पहुंच जाते हैं। प्रशासन ने भी इस जगह को काफी अच्छे से डेवलप किया है। हर वर्ष अमृतधारा महोत्सव और अन्य आयोजनों के कारण यह जगह राष्टीय स्तर पर भी मशहूर हो गया है। साल के अंतिम दिनों में बिलासपुर, रायपुर ,कांकेर सहित अन्य जगहों से भी पर्यटक यहां घूमने आ रहे हैं।

### आज और कल लोगों की उमड़ेगी भीड़

ठंड के इस मौसम में लोग पिकनिक मनाने के लिए विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर जुट रहे हैं। कई लोग परिवार के सदस्यों के साथ तो कई लोग अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए पिकनिक स्पॉट पर पहुंच रहे हैं, इसके चलते जिले के पिकनिक स्थल गुलजार हो गए हैं। कोरिया जिले के अधिकतर लोग एमसीबी जिले में स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल अमृतधारा जल प्रपात एवं गौरघाट जल प्रपात क्षेत्र में पिकनिक मनाने के लिए पहुंच रहे हैं, इसके अलावा कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पर्यटन केन्द्र एवं पिकनिक स्थलों पर पहुंच कर पिकनिक का आनंद ले रहे हैं। पिकनिक पर जाने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, जहां प्रकृति के बीच जाकर भागम भाग से दूर वनभोज का आनंद लेने का मौका नही छोड़ रहे हैं। इस समय कई लोग जहां दूर-दराज के प्रमुख जगहों पर पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं, वहीं कई लोग ऐसे भी है जो कोरिया जिला मुख्यालय के निकट मध्यम श्रेणी की बांध परियोजना झुमका तट व गेट बांध के तलहटी पर पहुंच कर पिकनिक का आनंद ले रहे हैं, इसके अलावा कई अन्य प्रमुख स्थलों पर भी पिकनिक मनाने के लिए लोग जुट रहे हैं।

### हसदेव नदी पिकनिक स्पॉट



एमसीबी जिले के नागपुर चौराहे से मनेन्द्रगढ़ की ओर जाने वाले रास्ते पर वन विभाग की नर्सरी के ठीक पास बने इस प्राकृतिक पिकनिक स्पॉट की बात ही निराली है। पिकनिक स्पॉट से महज 100 मीटर दूर तक वाहनों के पहुंचने का मार्ग बना हुआ है। यहां से पैदल ही पिकनिक स्पॉट तक जाना पड़ता है। कल - कल करके हसदो नदी का स्वच्छ जल लोगों को मंत्र मुग्ध कर देता है। यहां नदी किनारे की रेट पर बैठकर लोग वन भोज करते हैं, वहीं नदी भी ज्यादा गहरी नहीं होने के कारण काफी संख्या में लोग अपने परिवार सहित पहुंचते हैं, वहीं बच्चे तो बच्चे बड़े भी नदी में जल क्रीड़ा करने का आनंद उठाते हैं। नदी किनारे ही लगे आंवले और अन्य फलदार वृक्षों से भी लोगों को खासा लगाव है। यही कारण है कि मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी एवं बैकुंठपुर क्षेत्र से भी काफी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं।

### रमदहा जलप्रपात

रमदहा जलप्रपात भरतपुर ब्लॉक के भवरखोह गांव के पास बनास नदी पर स्थित है। इस जलप्रपात की जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से दूरी लगभग 160 किमी है। बनास नदी पर स्थित इस जलप्रपात की ऊंचाई लगभग 100 फीट और चौड़ाई लगभग 50 से 60 फीट है। ये खूबसूरत जलप्रपात चारों तरफ घने जंगल से घिरा है जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार की वजह से रमदहा जलप्रपात की खूबसूरती से हर कोई वाकिफ है। चूंकि जलप्रपात के करीब काफी ज्यादा मात्रा में बड़े-बड़े पत्थरों का समूह है। रमदहा जलप्रपात तक पहुंचने के लिए निजी वाहन का उपयोग करना होगा, क्योंकि कोई भी सार्वजनिक गाड़ी वहां तक नहीं जाती है। वहीं जलप्रपात से सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन बैकुंठपुर है, जो लगभग 160 किमी की दूरी पर है।



# नए वर्ष के जश्न के बीच हुड़दंगियों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

31 दिसंबर वर्ष 2023 का विदाई का दिन है और इसके साथ ही मध्य रात्रि में नया वर्ष 2024 की शुरूआत होगी। आज जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिलेभर में साल 2023 की विदाई के साथ नए साल के आगमन का जश्न मनाया जाएगा। शहर क्षेत्र में ही कई जगहों पर नए साल का जश्न मनाने की तैयारी की गई है।

इस अवसर पर जगह-जगह पार्टियों का दौर भी चलेगा। जिसमें जमकर शराब की खपत भी होगी। जश्न में शराब न हो, ऐसा नहीं हो सकता। वर्ष के अंतिम दिन में जमकर शराब की बिक्री होती है। ज्यादातर युवा वर्ग शराब का सेवन करते हैं, लेकिन घर परिवार के बीच में आयोजित पार्टी में शराब नहीं होती। आज मध्य रात्रि तक लोग नए साल के स्वागत के लिए संगीत की धुन पर थिरकते नजर आएंगे और जैसे ही घड़ी की सुई 12 पर पहुंचेगा वैसे ही उत्साह दुगुना हो जाएगा। जगह-जगह नए साल का जश्न मनाया जाएगा। इस अवसर पर हुड़दंगी करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। जिस तरह से लोग जगह-जगह पार्टी व जश्न मनाएंगे तो इस पर पुलिस का विशेष पहरा भी रहेगा। पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी हुड़दंगियों व शराब पीकर तेज गति से वाहन दौड़ाने वालों पर विशेष नजर रखेती, ताकि नए साल के जश्न के बीच में कोई अप्रिय घटना न हो।

### मोबाइल के दौर में ग्रीटिंग्स कार्ड नदारद

कभी नए साल के अवसर पर या विभिन्न खास अवसरों पर लोग ग्रीटिंग्स कार्ड की सहायता से अपने भावनाओं को व्यक्त करते थे, लेकिन अब ग्रीटिंग्स कार्ड की जगह मोबाइल ले लिया। संचार क्रांति के कारण अब लोग अपने मोबाइल के माध्यम से ही नए साल की बधाई संदेश भेजते हैं, जबकि कुछ साल पहले तक नए साल आने के पूर्व ही बाजार में आकर्षक ग्रीटिंग्स कार्ड बिकने लगते थे। इस दौरान लोग कई दिन पूर्व से ही ग्रीटिंग्स कार्ड लेकर अपने शुभचिंतकों को डाक के माध्यम से प्रेरषित करते या फिर हाथों हाथ ग्रीटिंग्स कार्ड देकर नए साल की शुभकामनाएं देते थे। अब तो हर हाथ में मोबाइल फोन है, जो ग्रीटिंग्स कार्ड प्रचलन ही समाप्त कर दिया। ग्रीटिंग्स कार्ड अब गुजरे जमाने की बात हो गई।

### सड़क पार कर रही महिला को बचाने में हेड कांस्टेबल घायल



**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ से कोतमा रेलवे स्टेशन आउट पोस्ट पर जा रहे आरपीएफ हेड कांस्टेबल सड़क हादसे में घायल हो गए हैं, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी सत्यनारायण शर्मा रेलवे सुरक्षा बल में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ है। 29 दिसंबर को मनेन्द्रगढ़ से कोतमा रेलवे स्टेशन आउटपोस्ट पर कैंपिंग ड्यूटी के लिए वह निकले थे, जैसे ही दोपहर लगभग ढाई बजे केवी नदी पुल के पास पहुंचे ही थे, तभी धान का बोझ लेकर सड़क पार कर रही महिला को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होने से वह सड़क पर ही गिर पड़े। सड़क पर गिरने के कारण उन्हें काफी चोट आई। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में भर्ती कराया गया, वहीं उपचार के बाद जिला अस्पताल अनूपपुर रिफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।


# सोहनलाल के पक्के मकान का सपना जल्द होगा सच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- सीईओ ने गृह प्रवेश पर आने का किया वायदा

अपने परिवार के सर पर पक्की छत बनाने का सोहनलाल का सपना अब जल्द पूरा होने वाला है। उनके आवास निर्माण कार्य की प्रगति देखने के लिए पहुंचे जिला पंचायत सीईओ ने उनसे बातचीत कर जल्द आवास पूरा करने के लिए कहा।

आपसी बातचीत में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सोहनलाल ने अगले महीने में आवास पूरा कर गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किए जाने का विश्वास दिलाया। जब मुस्कुराते हुए सोहनलाल ने आमंत्रित किया तो सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने भी पक्के मकान के शुभारंभ में आने का वादा किया। शनिवार को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली प्रधानमंत्री आवास योजना की मैदानी प्रगति का आंकलन करने के लिए सीईओ डॉ. चतुर्वेदी सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों का भ्रमण किए और मैदानी कर्मचारियों के समक्ष हितग्राहियों से आत्मीय बातचीत करते हुए सभी जल्द आवास कार्य पूरा करने की समझाइश दी। सीईओ पहले ग्राम पंचायत कटगोड़ी में बन रहे आवास कार्यों का अवलोकन किया। इसके बाद वह ग्राम पंचायत सलगंवाकला पहुंचे, यहां उन्होंने वर्ष 2020-21 में योजना के ⏭ शेष पेज 4 पर




निरीक्षण करते जिला पंचायत सीईओ ।

60 लोगों की हुई थी जांच, आरटीपीसीआर रिपोर्ट में एक पॉजिटिव

# लंबे समय बाद कोरिया में कोरोना का एक पॉजिटिव मरीज मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में एक बार फिर कोरोना के आहट सुनाई दी है। जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में जांच के दौरान एक कोरोना संक्रमित व्यक्ति मिला है। सीएमएचओ का कहना है कि सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है। मरीज का आरटी पीसीआर टेस्ट कोरोना पॉजिटिव रहा है।

जिले में मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल जिले में शुक्रवार के दिन टेस्ट के दौरान 1 व्यक्ति की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। मिली जानकारी के अनुसार मरीज कोरिया जिला क्षेत्र का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि यह मरीज अस्पताल आया हुआ था, जहां टेस्ट में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सेंगर ने बताया कि कल 50 लोगों का एंटीजन टेस्ट किया गया था, इसमें एक भी एंटीजन पॉजिटिव का केस नहीं आया, वहीं 10 लोगों का आरटी पीसीआर टेस्ट भी किया गया, इसमें से एक मरीज आरटी पीसीआर टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया है। बैकुंठपुर में 28 लोगों का एंटीजन टेस्ट किया गया था, इसमें एक भी मरीज पॉजिटिव नहीं मिला, वहीं सोनहत में सात लोगों का और बचरा पोंड़ी में 15 लोगों का टेस्ट किया गया था, इसमें सभी टेस्ट सामान्य रहे, लेकिन जिला अस्पताल में हुए आरटी पीसीआर टेस्ट में मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश जारी किए गए हैं, वहीं प्रशासन भी कोरोना से निपटने के लिए एक्टिव मोड में नजर आ रहा है।

कुछ दिनों पूर्व ही जिला पंचायत सीईओ और सीएमएचओ की उपस्थिति में कोविड अस्पताल बैकुंठपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। इसमें कोविड अस्पताल में रखे गए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और अन्य चिकित्सीय उपकरण की जांच की गई थी। विदित हो कि कोविड से निपटने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है, वहीं लोगों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



### बहुरूपिया महोत्सव का आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** विदा वर्ष को अलविदा कहने मनेन्द्रगढ़ में 31 दिसंबर को बहुरूपिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मनेन्द्रगढ़ सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि विदा वर्ष के अंतिम दिन मनेन्द्रगढ़ में बहुरूपिया प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, इसमें विभिन्न प्रकार के रूप धारण कर कलाकार नगर के सभी मार्गों व चौराहों में घूम-घूमकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। समग्र समाज के निर्माण के लिए संकल्पित संस्था मनेन्द्रगढ़ सांस्कृतिक मंच द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले इस आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ ही व्यापारियों एवं आमजन द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से उपरोक्त आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में लगभग 300 से अधिक व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान से प्रतिभागियों के लिए सामग्री प्रदाय की है, साथ ही समूह व एकल के प्रतिभागियों को अलग-अलग यो बाइक प्रदान की जाएगी। वहीं पुरस्कार के रूप में एलईडी, ड्रेसिंग टेबल, कूलर, इंडेक्शन, आलमारी, ट्रॉयसाइकल, पानी की टंकी समेत विभिन्न प्रकार की सामग्री दी जाएगी। प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर अंक देने के लिए नगर पालिका तिराहा, गुरूनानक चौक, स्टेट बैंक तिराहा, न्यायालय के सामने, जेकेडी रोड रेलवे स्टेशन समेत अन्य कई स्थानों पर निर्णायकों के स्टॉल लगाए जाएंगे। मनेन्द्रगढ़ सांस्कृतिक मंच ने समस्त क्षेत्रवासियों से उपरोक्त आयोजन में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

30-Dec Coriya Bhoomi pg 2-new_Layout 1 12/30/2023 9:22 PM Page 1




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्पाइडर मैन-हल्क जैसे किरदार गढ़ अमर हो गए स्टेन, इंडस्ट्री को दिए कई सुपरहीरो

**लॉस एंजेलिस।** स्टेन ली एक ऐसा नाम है जिससे हम सभी के बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। स्टेन ली कॉमिक बुक राइटर और एडिटर थे। यह वही शख्स हैं जिन्होंने दुनिया को 'स्पाइडरनमैन', 'द हल्क', 'आयरन मैन' जैसे किरदार और मार्वल कॉमिक्स दी थी। हॉलीवुड में स्टेन ली के सुपरहीरो कैरेक्टर्स को लेकर कई फिल्में बनाई गई हैं, जिन्हें दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया गया। 28 दिसंबर 1922 को न्यूयॉर्क में जन्मे स्टेन ली ने 1961 में दि फैंटास्टिक फोर के साथ मार्वल कॉमिक्स की शुरुआत की थी। इसके बाद कॉमिक के सभी किरदारों को मार्वल स्टूडियो में सूट किया गया, इसमें 'स्पाइडर मैन', 'एक्स मैन', 'हल्क', 'आयरन मैन', 'ब्लैक पैंथर', 'थोर', 'डॉक्टर स्टैंज' और 'कैप्टन अमेरिका' जैसे किरदार शामिल थे। इन सभी किरदारों की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर धमाल मचाया था।स्टेन ली ने मार्वल की लगभग हर फिल्म में कैमियो रोल भी अदा किया है। यही नहीं कॉमिक्स के अलावा स्टेन ली ने फिल्मों में स्क्रीनप्ले भी लिखे थे। उनकी कॉमिक्स के पूरी दुनिया में दीवाने हैं। केवल हॉलीवुड ही नहीं बल्कि स्टेन ली ने भारतीय सुपरहीरो फिल्म 'चक्र' भी बनाई, जो दर्शकों को काफी पसंद आई थी। स्टेन ली के सुपरहीरो कैरेक्टर्स में सबसे सफल किरदार 'स्पाइडर मैन' रहा। यही नहीं इस कॉमिक बुक से सबसे ज्यादा कमाई भी हुई। इसे स्टेन ली और स्टीव डिटको ने मिलकर लिखा था।



### टॉलीवुड

## कैप्टन विजयकांत के अंतिम संस्कार में दलपति विजय पर हमला, भीड़ में फंसे अभिनेता पर फेंकी गई चप्पल

**चेन्नई।** अभिनेता और राजनेता विजयकांत को चेन्नई में शुक्रवार को अंतिम सम्मान दिया गया। खबर है कि विजयकांत के अंतिम संस्कार में साउथ सुपरस्टार दलपति विजय पर हमला हुआ। शोक मनाने वालों की गुस्साई भीड़ ने विजय पर हमला कर दिया, जिनमें से एक ने उन्हें चप्पल से भी मारा। विजयकांत का गुरुवार, 28 दिसंबर को निधन हो गया। विजयकांत कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। उन्हें एमआईओटी इंटरनेशनल में भर्ती कराया गया था। अंतिम संस्कार में कई तमिल सितारे शामिल हुए। विजय भी अंतिम संस्कार में मौजूद थे। एक्स (ट्विटर) पर वायरल हो रहे एक वीडियो में विजय को अंतिम सम्मान देने के लिए भीड़ के बीच से गुजरते हुए देखा गया था। उन्होंने विजयकांत के परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की। जैसे ही वे बाहर निकले तो अभिनेता को घेर लिया गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें वहां से निकलने में मदद की। एक वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर चप्पल फेंकी। हालांकि, विजय इस हमले से बचने में सफल रहे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाल लिया। वायरल वीडियो पर लोगों ने जमकर प्रतिक्रिया दी और इस हरकत पर भड़क गए। उन्होंने अभिनेता का समर्थन किया।



### छॉलीवुड

## "माई का लाल रुद्रा" होगी वीएफएक्स से भरपूर, 23 फरवरी को रिलीज की तैयारी



**रायपुर।** स्टार क्वीन प्रोडक्शन की फिल्म "माई का लाल रुद्रा" दर्शकों के सम्मुख आने को तैयार है। नए साल में 22 फरवरी को इसकी रिलीज की तैयारी है। फिल्म के नायक दीपक कुमार के अपोजिट नायिका हेमा शुक्ला हैं। फिल्म में आलोक मिश्रा, तूफान वर्मा, प्रभाकर बर्मन और चंद्रशेखर चकोर खलनायक के रूप में नजर आएंगे। इमोशन और मारधाड़ से भरपूर इस फिल्म में कॉमेडी का जिम्मा सेवक राम यादव पर है, जो फिल्म में समय-समय पर हंसाते नजर आएंगे। सेवक राम यादव यूट्यूब के स्टार भी माने जाते हैं। छत्तीसगढ़ी फिल्म माईका लाल रुद्रा में वीएफएक्स का ज्यादा उपयोग किया गया है इसे उपयोग करने वाले नरेंद्र साहू ने बताया कि यह अपने आप में अलग होगा और फिल्म में नायक की भालू से फाइट भी दिखाई गई है जो काफी रोचक है। फिल्म में सात कर्णप्रिय गीत है जिसे संगीत दिया है परवेज खान, प्रदीप साठे, संजय मैथिल ने और गीतों की रचना संजय मैथिल, सुक्कू बारीक और प्रभाकर बर्मन ने की है। फिल्म के एक्शन मास्टर मधु अन्ना और जॉनसन अरुण है। लगभग 100 से अधिक कलाकारों से सजी इस फिल्म में दीपक कुमार के साथ हेमा शुक्ला, उपासना वैष्णव, सुमित्रा साहू, सलीम अंसारी, तूफान वर्मा, संजय बघेल, विनय अम्बष्ट, भूनेश साहू, पूजा देवांगन, प्रभाकर बर्मन, आलोक मिश्रा, दीपक ताम्रकार, दिलीप गुप्ता, सेवक राम यादव, चंद्रशेखर चकोर, घनश्याम वर्मा, शमशीर शिवानी, अनसूईया, बॉबी समेत कई कलाकार हैं। फिल्म के गीतों को शुभम साहू, मोनिका मिश्रा, सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, करिश्मा खान, शुभम साहू के साथ समीर ने आवाजें दी है।

## लाइफ स्टाइल

## राजस्थान फैशन वीक का जलवा

2012 में राजस्थान फैशन वीक की शुरूआत हुई थी। तब से यह इवेंट ग्लैमर और नए जमाने के फैशन का एक आदर्श मेल प्रदर्शित करने का प्रमुख मंच गया है। इस अद्वितीय फैशन शो में देशी डिजाइनरों और फैशन दिग्गजों दोनों के काम प्रदर्शित किए जाते है। भारतीय परंपरा के सौंदर्य मूल्यों को संरक्षित करने और नए युग की फैशन आवश्यकताओं के साथ समन्वय करने के उद्देश्य से, यह कार्यक्रम नीता लुल्ला, ऋतु कुमार, विक्रम फडनीस, लीना टिपनिस, कीर्ति राठौड़ और शाहिद अमीर सहित प्रसिद्ध फैशन डिजाइनरों की मेजबानी करता है।




## सफेद मोजे नीचे से हो गए हैं काले तो करें ये उपाय

सफेद मोजे को धोने में हर कोई परेशान हो जाता है, क्योंकि इनके तलवों के जिद्दी दाग आसानी से जाते नहीं है। अगर आप उन्हें रगड़ेंगे या फिर ब्रश का प्रयोग करेंगे, तो मोजे खराब हो सकते हैं। ऐसे में लोग सफेद मोजो पर लगे काले निशान साफ नहीं कर पाते और वह कुछ टाइम प्रयोग करने के बाद फेंक देते हैं। सफेद मोजों पर नीचे की तरफ लगे काले निशान को साफ करने के लिए आप बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसकी मदद से दाग आसानी से निकल जाएंगे। लेकिन इससे साफ करने से पहले आपको गंदे मोजों को 2 घंटे तक पानी में भिगो कर रखना होगा। इस प्रोसेस को करने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में दो चम्मच बेकिंग पाउडर मिलाएं। इसके बाद पानी में डिटर्जेंट पाउडर मिलाकर, 2 घंटे के लिए गंदे मोजों को भीगे रहने के लिए छोड़ दें। इसके बाद जब आप इन मोजों को हाथ से हल्के हाथ से रगड़ेंगे, तो आप देखेंगे कि मोजों से दाग आसानी से उतरने लगा है। अगर पूरी तरह से दाग नहीं उतरता है, तो फिर आप मोजों को सिरके के पानी में भी भिगो कर रख सकती हैं। यकीन मानिए इस प्रोसेस को करने के बाद दाग आसानी से छूट जाएंगे। साथ ही, मोजे चमकदार और मुलायम भी लगेंगे। तलवों पर लगे दाग को साफ करने के लिए नींबू का प्रयोग करना सबसे आसान है। इसके लिए आपको सबसे पहले एक बर्तन में 2 से 3 ग्लास पानी गर्म करना है।



## स्क्रब करते ही होंठ हो जाते हैं ड्राई? इन टिप्स को करें फॉलो

त्वचा के साथ-साथ होंठों की भी सही तरीके से देखभाल करना बेहद जरूरी होता है और इसके लिए हम अक्सर लिप केयर रूटीन को फॉलो करते हैं। लिप केयर रूटीन में खासकर लिप स्क्रब का रोलबेहद अहम होता है, लेकिन क्या आप जानती हैं कि होंठों पर स्क्रब करते समय होंठों की ड्राईनेस बढ़ जाती है? अगर नहीं तो बता दें कि होंठों पर बार-बार स्क्रब करने से सर्दी के मौसम में स्किन से मॉइस्चर चला जाता है, जिसके कारण त्वचा ड्राई नजर आने लगती है। चेहरे की त्वचा से कई ज्यादा नाजुक होंठों की त्वचा होती है और इसपर जमी डेड स्किन की लेयर को हटाने के लिए हम लिप स्क्रब का इस्तेमाल करते हैं। वहीं इसके लिए हमें कम से कम प्रेशर का इस्तेमाल करके ही होंठों पर स्क्रब करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी त्वचा को स्क्रब द्वारा किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा और डेड स्किन भी हर जाएगी। वहीं अगर आप तेज दबाव से होंठों को स्क्रब करेंगे तो आपके होंठ कट सकते हैं और आपको चोट पहुंच सकती है।



## पार्टी में इन आउटफिट्स के साथ स्टाइल करें बूट्स, दिखेंगी खूबसूरत

*पार्टी में जाना हर किसी को पसंद होता है। इसलिए लोग पहले से ही इस चीज की प्लानिंग करते रहते हैं। किसी को अपने लिए अच्छी ड्रेस खरीदनी होती है तो किसी को जरूरत होती है कम्फर्टेबल फुटवियर की इसलिए वो ड्रेस के साथ पहनने के लिए अलग-अलग डिजाइन के फुटवियर को लेते हैं। लेकिन जब बात आती है पार्टी की तो इसके लिए हमें कुछ तो स्टाइलिश लेना पड़ेगा। इसके लिए आप बूट्स को वियर कर सकती हैं। ये हर एक ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं और सर्दियों के लिए बेस्ट होते हैं।*




### जींस के साथ स्टाइल करें बूट्स

पार्टी में कई सारी लड़कियां होती हैं जो जींस और टॉप वियर करना पसंद करते हैं। इसके साथ भी आप बूट्स को वियर कर सकती हैं। इसके लिए लॉन्ग या शॉट दोनों तरह के बूट्स को खरीदें और स्टाइल करें। इसमें आपको अलग-अलग कलर ऑप्शन भी मिल जाएंगे। जिसे आप जींस के कलर से मैच करके वियर कर सकती हैं। मार्केट में आपको ये बूट्स 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।



### ड्रेस के साथ स्टाइल करें बूट्स

ड्रेस के साथ भी बूट्स अच्छे लगते हैं इसलिए आप इन्हें भी वियर कर सकती हैं। इससे लुक और ज्यादा (फुटवियर डिजाइन) स्टाइलिश लगता है। लेकिन ड्रेस के नीचे पहनने के लिए आप हमेशा लॉन्ग बूट्स को खरीदें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसको पहनने से पहले आप गर्म स्टॉकिंस पहन सकती हैं फिर बूट्स स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपको ठंड भी नहीं लगेगी और लुक खराब भी नहीं लगेगा। मार्केट में ऐसे बूट्स आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

### लॉन्ग कोट ड्रेस के साथ वियर करें बूट्स

पार्टी में लड़कियां सबसे ज्यादा वेस्टर्न आउटफिट्स पहनना पसंद करती हैं इसलिए जरूरी है कि आप भी अपने लॉन्ग (न्यू शूज) कोट ड्रेस के साथ इन्हें स्टाइल करें। इसके लिए आप शॉट बूट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको हील्स जरूर लेनी चाहिए, जिसकी वजह से आपकी हाइट भी काफी अच्छी नजर आएगी। मार्केट में इस तरह के बूट्स में आपको वेलवेट और लेदर हर तरह के ऑप्शन मिल जाएंगे। इन बूट्स को वियर करके अपने लुक को परफेक्ट बनाएं इससे आप भी सुंदर नजर आएगी साथ ही कम्फर्टेबल भी रहेंगी।

## ऑफिस न्यू ईयर पार्टी में स्टाइल करें ये वेस्टर्न आउटफिट्स, लगेंगी बेहद खूबसूरत

न्यू ईयर पार्टी के लिए हर कोई रेडी है। कई सारे ऑफिस ऐसे होते हैं जहां पार्टी रखी जाती हैं। वहां पर हर कोई अच्छे से ड्रेस होकर आता है ताकि वो खूबसूरत दिख सके। खासकर लड़कियां क्योंकि वो साल की आखिरी पार्टी में सबसे सुंदर दिखने के लिए पहले से ही आउटफिट प्लानिंग करती रहती हैं। लेकिन इसके बाद भी क्या स्टाइल किया जाए इस बात को लेकर हमेशा कंन्फ्यूज रहती हैं। इसी कन्फ्यूजन को दूर करने के लिए आप यहां बताए गए आउटफिट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर नजर आएगी।



### जंपसूट करें वियर

अगर आपको कम्फर्टेबल दिखना है तो इसके लिए आप पार्टी में जंपसूट वियर कर सकती हैं। इसमें काफी अच्छे डिजाइन (ओवरसाइज आउटफिट स्टाइल करने का तरीका) मिल जाते हैं। दिया मिर्जा ने भी इस फोटो में जंप सूट को वियर किया हुआ है जो गोल्डन कलर का है और प्रिंट वर्क हुआ है। इस जंपसूट को **Ritu Kumar** द्वारा डिजाइन किया गया है। आप भी इस तरह के जंपसूट को ऑफिस पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे। अगर आपको कुछ नए ट्रेंड के आउटफिट को स्टाइल करने का मन है तो इसके लिए आप लॉन्ग गाउन को स्टाइल कर (आउटफिट स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इसें आजकल आपको ज्यादा प्लीट्स वाले गाउन मिलेंगे। जिसे आप पार्टी में वियर कर सकती हैं।

## सर्दी में टीशर्ट पहनिए और लुक पर पाइए फुल मार्क

अलमारी में रखी आपकी टीशर्ट अब पहनने का मौका ही नहीं मिलता है? क्योंकि सर्दी के मौसम में टीशर्ट का क्या काम, पिछले कई महीनों से ये बस रखी हैं। अगर ऐसा आपके साथ भी है तो अब ऐसा मत कीजिएगा क्योंकि टी शर्ट को सर्दी में भी कई तरह से पहना जा सकता है। ये वो तरीके हैं, जो आपको सर्दी में भी टीशर्ट के साथ हैंडसम दिखाएंगी-

### कोट करेंगे आपकी मदद

इस वक्त कोट तो पहने ही जा सकते हैं। आप भी इन्हें अपने लुक में शामिल करते होंगे लेकिन अब कोट लुक में टीशर्ट को भी शामिल कर लीजिए। इसमें आपको जींस का साथ मिल जाए तो बिल्कुल एलीगेंट लुक आपको मिल जाएगा।



आप लॉन्ग कोट के साथ जींस और अपनी पसंद की टी शर्ट पहनिए। इस वक्त रंगों के कॉम्बिनेशन का ध्यान रखें।

### कस्टम मेड टीशर्ट हैं तो

अगर आपके पास कस्टममेड टीशर्ट हैं तो आप इनको कोट के साथ पहनकर सिंपल लुक पा सकते हैं। लेकिन इस लुक को स्नीकर के साथ मैच करके पूरा किया जाए तो सबकुछ परफेक्ट हो जाएगा।

### ओवर साइज टीशर्ट का फैशन

ओवरसाइज टीशर्ट का फैशन पिछले लंबे समय से चल रहा है तो आपके पास भी ये जरूर होंगी। इनको भी विंटर फैशन में शामिल किया जा सकता है। इन टीशर्ट के साथ आपको स्पोर्टी लुक मिल सकता है।इसके साथ आप लेगिंग स्टाइल पैंट पहनें और साथ में मनपसंद जैकेट भी। स्टाइलिश स्नीकर हों तो और भी अच्छा।

### लेयरिंग से बनेगी बात

टीशर्ट लेयरिंग में काफी काम आती है। इनको आप डेनिम शर्ट के साथ पहनें और ऊपर से जैकेट या लॉन्ग कोट पहन लें। शर्ट के ऊपरी बटन खोल लें ताकि टीशर्ट का पैटर्न अच्छे से नजर आ सके।

### ऑल ब्लैक लुक और व्हाइट टीशर्ट

आपके पास व्हाइट टीशर्ट तो होगी ही। इस टीशर्ट को ऑल ब्लैक लुक का सेंटर पॉइंट बनाया जा सकता है। आप ब्लैक जैकेट या लॉन्ग कोट के साथ ब्लैक जींस पहनिए। इसके साथ पहनिए सफेद टीशर्ट, बस हो गया आपका लुक पूरा।

कार्नर न्यूज

## अधिकतर दूल्हों से हो जाती हैं कुछ गलतियां, टिप्स जानना जरूरी

# सर्दियों के मौसम में दूल्हा बनने जा रहे हैं तो बचिए इन फैशन मिस्टेक से

विंटर वेडिंग फैशन मिस्टेक करने वाले शादी के महंगे कपड़ों में भी स्टाइलिश नहीं दिख पाते। फैशन मिस्टेक के कारण उनका वेडिंग लुक बिगड़ जाता है, जबकि लड़कियां (दुल्हन) इन बातों का ख्याल रखती हैं।इस वजह से केवल लुक ही नहीं बिगड़ता बल्कि ठंड भी लगने लगती है, जिससे कई बार शादी का मजा किरकिरा हो जाता है। फिर ठंड में जैसे-तैसे शादी की रस्म निभानी पड़ती है। इसलिए हम यहां पर विंटर वेडिंग फैशन से जुड़ी कुछ खास बातों को जान लेते हैं। इससे किसी भी दूल्हे को परफेक्ट लुक मिल सकता है और ठंड से भी बचा जा सकता है।

### गलत फैब्रिक की वेडिंग ड्रेस

कपड़े हमेशा सीजन के हिसाब से खरीदने चाहिए। हर मौसम के अनुसार फैब्रिक पहनना चाहिए। जैसे- गर्मी के मौसम में कॉटन के कपड़े। मगर कई लड़के सर्दी के मौसम में भी फैब्रिक की पहचान किए बगैर ही कपड़े खरीद लेते हैं। इस वजह से उनको परेशानी होती है। जैसे- ठंड लगना, अनकंफर्ट फील करना आदि। इसलिए सर्दी के मौसम में शादी करने वाले लड़कों को अपने लिए हल्के वुलेन, नायलॉन, पॉलिस्टर जैसे फैब्रिक के बनी ड्रेस पहननी चाहिए।

### गलत डिजाइन की वेडिंग ड्रेस

*हर मौसम के हिसाब से कपड़े बनाए जाते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में हमें कुछ बातों का ख्याल रखकर कपड़े पहनने चाहिए। जैसे- ठंड के मौसम में धोती-कुर्ते की बजाय वेस्टर्न ड्रेस, शेरवानी आदि पहनें। धोती-कुर्ते में सर्दी अधिक लगती है। साथ ही इसके अंदर पहने जाने वाले गर्म कपड़े भी नजर आने लगते हैं। इस वजह से हमें सही डिजाइन की ड्रेस पहननी चाहिए। मगर इस बात का ध्यान भी अधिकतर लड़के नहीं रखते हैं।*



### गलत डिजाइन की वेडिंग ड्रेस

हर मौसम के हिसाब से कपड़े बनाए जाते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में हमें कुछ बातों का ख्याल रखकर कपड़े पहनने चाहिए। जैसे- ठंड के मौसम में धोती-कुर्ते की बजाय वेस्टर्न ड्रेस, शेरवानी आदि पहनें। धोती-कुर्ते में सर्दी अधिक लगती है। साथ ही इसके अंदर पहने जाने वाले गर्म कपड़े भी नजर आने लगते हैं। इस वजह से हमें सही डिजाइन की ड्रेस पहननी चाहिए। मगर इस बात का ध्यान भी अधिकतर लड़के नहीं रखते हैं।

### जूतों का गलत सिलेक्शन

कई दूल्हे सर्दी के मौसम में शेरवानी के साथ सूट या फॉर्मल ड्रेस के साथ पहने जाने वाले जूते पहन लेते हैं। क्योंकि उनको सर्दी के मौसम में पैरों को ठंड से बचाना होता है। इस वजह से भी उनका स्टाइल बिगड़ जाता है। इसलिए सही वेडिंग फुटवियर के साथ सॉक्स पहनें। शादी की ड्रेस के साथ ऐसे एक्सपेरिमेंट न ही करें तो बेहतर है।

### दूल्हे की टोपी गलत चूज करना

दूल्हे की टोपी कान को ढंक नहीं पाती। फिर भी सर्दी के मौसम में कई लड़के ऐसी टोपी को पहने दिखते हैं। यह भी एक प्रकार की मिस्टेक ही है।इससे बचने के लिए सर्दी के मौसम में स्टाइलिश पगड़ी बांधें। इससे कान भी ढंके रहेंगे और स्टाइल भी मेंटेन रहेगी।

### स्टॉल का इस्तेमाल करना

ठंड के मौसम में शेरवानी या किसी वेडिंग ड्रेस के साथ स्टॉल का इस्तेमाल करना सही नहीं कहा जा सकता। इससे बेहतर होगा कि आप महंगे और डिजाइनर शॉल, वेलवेट स्टॉल का प्रयोग करें। कई लोग ऐसा करते हैं लेकिन वे मैचिंग नहीं कर पाते हैं। इस वजह से उनका लुक ठीक नहीं लगता है। मगर आप इस बात से बचने के लिए अपनी वेडिंग ड्रेस के स्टॉल के कलर जैसा ही शॉल ले सकते हैं।



# शूरा संग घूमने निकले अरबाज

**मुंबई।** सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के अचानक से दूसरी बार शादी की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सोशल मीडिया पर हर कोई उनकी दुल्हन के बारे में जानने के लिए उत्सुक था। 24 दिसंबर 2023 को 'प्यार किया तो डरना क्या' एक्टर ने अपनी गर्लफ्रेंड और पेशे से मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। हाल ही में शादी के 5 दिन बाद अपनी पत्नी के साथ अरबाज खान डिनर डेट पर निकले। जहां कुछ यूजर्स ने दोनों की जोड़ी पर खूब प्यार लुटाया, तो वहीं कुछ यूजर्स को शूरा को देखकर मलाइका अरोड़ा याद आ गई। अरबाज खान और शूरा खान अपने निकाह के बाद से ही खुद को पैपराजी से बिल्कुल दूर रख रहे हैं। हाल ही में दोनों का डिनर डेट से निकलते हुए एक वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।

लाइफ Style

# श्रुति हासन



## बॉयफ्रेंड से शादी की अफवाह पर ओरी को लताड़ा

दिग्गज अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री आर्टिस्ट शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं। अब हाल ही में, ओरहान अवात्रामणि यानी कि ओरी ने कपल की शादी की बात बताई। इस खबर ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अब श्रुति हासन ने आगे आकर खुद इस बात पर सफाई दी है। उन्होंने शादी की अफवाह का झूठ बताते हुए कहा कि वह यह भी नहीं जानती हैं कि ओरी कौन हैं। श्रुति हासन ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, 'मैं नहीं जानती कि वह कौन हैं। मैं अपना काम करने और अपनी जिंदगी जीने में व्यस्त हूं। मेरा ध्यान हमेशा उन लोगों पर रहा है, जो मेरे जीवन और मेरे आस-पास अच्छी ऊर्जा लाते हैं। मैंने हमेशा ही यह कहा है और मैं इस पर कायम हूं। मैं एक दर्पण की तरह हूं। मैं लोगों के साथ बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करती हूं, जैसा मेरे साथ किया जाता है और मैं इसके लिए कभी सॉरी नहीं हूं।' सालार अभिनेत्री ने आगे कहा, 'यह बहुत मूर्खतापूर्ण है। मैं चाहती हूं कि जो लोग मुझे नहीं जानते वह मेरे बारे में बात न करें। मैंने अपनी जिंदगी पूरी खुलेपन और ईमानदारी से जी है। अगर मैं शादीशुदा होती तो मैं इसे क्यों छुपाती। मैंने एक स्पष्टीकरण पोस्ट किया क्योंकि मेरा सोशल मीडिया इस खबर से स्पैम हो गया था। यह काफी मजेदार था। मैं इस पर हंस रही थी।' हाल ही में, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा कर लिखा था, 'मैं शादीशुदा नहीं हूं। मैं ऐसी इंसान हूं, जो हर चीज के बारे में खुलकर बात करती है। मैं इसे क्यों छिपाऊंगी? इसलिए जो लोग मुझे बिल्कुल नहीं जानते हैं, कृपया शांत हो जाएं।

## हॉलीवुड मसाला




# इंडस्ट्री को दिए कई सुपरहीरो

लॉस एंजिलिस। स्टेन ली एक ऐसा नाम है जिससे हम सभी के बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। स्टेन ली कॉमिक बुक राइटर और एडिटर थे। यह वही शख्स हैं जिन्होंने दुनिया को 'स्पाइडरनमैन', 'द हल्क', 'आयरन मैन' जैसे किरदार और मार्वल कॉमिक्स दी थी। हॉलीवुड में स्टेन ली के सुपरहीरो कैरेक्टर्स को लेकर कई फिल्में बनाई गई हैं, जिन्हें दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया गया। तो आइए जानते हैं स्टेन ली की बर्थ एनिवर्सरी पर उनके जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें... 28 दिसंबर 1922 को न्यूयॉर्क में जन्मे स्टेन ली ने 1961 में दि फैंटास्टिक फोर के साथ मार्वल कॉमिक्स की शुरुआत की थी।



# दुनियाभर में बज रहा वोंका-एक्वामैन 2 का डंका

लॉस एंजिलिस। एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की › वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। दोनों ही फिल्में बुधवार को रिलीज हुई थीं। शुक्रवार तक यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी।



# 2024 में रचाएंगी दूसरी शादी

**मुंबई।** क्या मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है? मलाइका ने डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' ने अर्जुन से ब्रेकअप की अफवाहों को हवा दी। मलाइका, फराह खान के साथ शो में जज हैं। हाल में शो का नया प्रोमो जारी हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह, मलाइका से उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछती हैं। जिस अंदाज में वह जवाब देती हैं, उससे लगता है कि वह अब सिंगल हैं और किसी और शादी करना चाहती हैं। मलाइका का यह बयान उनके पूर्व पति अरबाज खान की दूसरी शादी के बाद आया है। 'झलक दिखला जा' के प्रोमो वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान ने मलाइका अरोड़ा से पूछा, "2024 में, क्या आप सिंगल पेरेंट कम एक्ट्रेस से डबल पेरेंट कम एक्ट्रेस बन जाएंगी?" इस सवाल से मलाइका उलझन में पड़ गईं।



# फिर कंट्रोवर्सी में फंस गए रणबीर कपूर

**मुंबई।** रणबीर कपूर हमेशा ही सुर्खियों में रहते हैं। या अगर हम सीधा कहें कि कॉन्ट्रोवर्सी का हिस्सा बने रहते हैं तो गलत नहीं होगा। ये तो जगजाहिर है कि रणबीर ऑफिशियली सोशल मीडिया पर नहीं हैं। ना तो वो कोई पोस्ट करते हैं, ना ही इधर-उधर कोई बयानबाजी देते हैं। फिर भी वो विवादों का शिकार हो ही जाते हैं। हाल ही में रणबीर की एनिमल फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म में उनके कैरेक्टर, डायलॉग्स और बिहेवियर को लेकर काफी विवाद हुआ। उनके कैरेक्टर रणविजय के साथ-साथ रणबीर को भी टॉक्सिक बता दिया गया। लेकिन ऐसा सिर्फ रील लाइफ तक ही सीमित नहीं है। एनिमल विवाद की आंच अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि कपूर खानदान के सलाना क्रिसमस सेलिब्रेशन का हिस्सा बने रणबीर फिर नई मुसीबत में फंस गए।

## टीवी मसाला



# जोरदार होगा वीकेंड का वार, एक-दो नहीं पहुंचेंगे कई खास मेहमान

**मुंबई।** बिग बॉस 17 का वीकेंड का वार का सभी को इंतजार रहता है। सलमान जिस तरह से कंटेस्टेंट को समझाते हैं या फिर फटकार लगाते हैं वह कोई और नहीं कर सकता। हर हफ्ते कोई ना कोई सेलिब्रिटी अपने शो और फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचता है। बीते हफ्ते क्रिसमस पर रवीना टंडन और अब्दू रोजिक मेहमान बने थे। उन्होंने कंटेस्टेंट और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अब आने वाले वीकेंड में कई और स्पेशल मेहमान आएंगे जो सलमान के कारीफी करीब हैं। वीकेंड का वार के स्टेज पर एक बार फिर से दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र पहुंचेंगे। धर्मेंद्र शो के मंच की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह करीब 3 साल से शो में लगातार मेहमान के रूप में नजर आए हैं। सलमान उनका बहुत सम्मान करते हैं। उनके साथ गहरा रिश्ता है। धर्मेंद्र के साथ कृष्णा अभिषेक भी स्पेशल एपिसोड में पहुंचेंगे जो दर्शकों को खूब हंसाने का काम करेंगे। दोनों के साथ का यह एपिसोड कमाल का होने वाला है।

# रोहित की वजह से टेंशन में आ जाएगा पौद्दार परिवार

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत में दिखाया जाएगा कि अरमान अकेले बैठकर पुराने दिनों को याद करेगा। वह रोहित के साथ बिताए पलों के बारे में सोचेगा। वहीं रोहित अपने कमरे में



बैठकर रोएगा। दादी-सा, रोहित को परेशान देख दुखी हो जाएंगी। वह रोहित के पास जाएंगी और उससे उसके नाराज होने की वजह पूछेंगी। रोहित, दादी-सा से मदद मांगेगा और एक प्लान बनाएगा। प्लान के मुताबिक, दादी-सा बड़ी मां को कॉल करेंगी और पौद्दार हाउस आने का कहेंगी। एक तरफ, रोहित तैयारियों में जुट जाएगा। दूसरी तरफ, अरमान अपना कमरा देख भड़क जाएगा। वह अभिरा से पूछेगा, 'ये सब क्या है?' अभिरा के मुंह पर टेप लगा होगा इसलिए वह लिख-लिखकर अरमान से बात करेगी। अरमान, अभिरा से टेप हटाने के लिए कहेगा लेकिन, अभिरा नहीं मानेगी। ऐसे में अरमान, अभिरा पर चिल्लाने लगेगा और तभी अरमान का भाई आ जाएगा। वह अरमान को बताएगा कि उसके लिए पुलिस आई है। अभिरा और अरमान हैरान रह जाएंगे। दोनों नीचे जाएंगे।

# पठान, जवान... नहीं 2023 में द केरल स्टोरी के नाम सबसे ज्यादा प्रॉफिट

**मुंबई।** साल 2023 बॉलीवुड के लिए काफी धमाकेदार साबित हुआ। कोविड के बाद ठंडे पड़े बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने आग लगा दी। वहीं सिनेमाघरों में भी जमकर सीटियां गूंजी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई ब्लॉकबस्टर मूवीज मिलीं। शाहरुख खान, रणबीर कपूर और देओल फैमिली के लिए साल काफी अच्छा बीता। अब साल खत्म होने को है तो नफे-नुकसान पर नजर डालना भी बनता है। पठान, जवान, गदर2, एनिमल ने खूब वाहवाही बटोरी। हालांकि प्रॉफिट की बात करें तो एक ऐसी फिल्म लिस्ट में टॉप है जो लोगों के ध्यान से उतर चुकी है। साल 2023 की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म पठान के धमाके से हुई। इसके बाद जवान और गदर 2 शोर रहा। फिल्मों ने बंपर कमाई की, ब्लॉकबस्टर भी रहीं लेकिन अगर फिल्म में लगे बजट को देखते हुए प्रॉफिट की बात की जाए तो पठान, जवान काफी पीछे हैं। टॉपर है द केरल स्टोरी।




**ओएमजी 2 :** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ओएमजी 2 कॉन्ट्रोवर्सी में रही। गदर 2 के साथ इसका क्लैश था। इसके बाद भी फिल्म ने ठीक-ठाक प्रॉफिट कमा लिया। मूवी का बजट 65 करोड़ के करीब था। इसने 150 करोड़ का बिजनस किया। मूवी को 130.76 फीसदी फायदा हुआ।

**पठान:** शाहरुख खान की फिल्म पठान साल की पहली बंपर हिट थी। मूवी ने कमाई के कई रिकॉर्ड्स तोड़े। फिल्म 250 करोड़ के तगड़े बजट में बनी थी। मूवी का बिजनस 543.22 करोड़ रहा। इस इसका प्रॉफिट 117.28 फीसदी रहा।

### द केरल स्टोरी

द केरल स्टोरी मूवी काफी चर्चा में रही थी। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 30 करोड़ रुपए में बनी थी। इसने 238.27 करोड़ की कमाई की। इस हिसाब से इसका रिटर्न 694.23 फीसदी रहा।

### गदर 2

दूसरे नंबर पर मालामाल हुई गदर 2 की टीम। फिल्म का बजट 75 करोड़ के आसपास था। मूवी ने 525.50 करोड़ कमाई की। मूवी को 600.66 फीसदी रिटर्न मिला।

### एनिमल

तीसरे नंबर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने नोट छापे। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये था। इसने 537.27 करोड़ कमाए और अभी भी थिएटर्स में है। मूवी को 168.63 फीसदी रिटर्न मिला।

### 12वीं फेल

चौथा नंबर है विक्रांत मैसी स्टारर मूवी 12वीं फेल का। फिल्म का बजट महज 20 करोड़ था। मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म का बिजनस 51.93 करोड़ था तो रिटर्न 159.65 फीसदी रहा।

# काजोल ने दिखाया अपना AI अवतार

**मुंबई।** AI आज हर किसी की लाइफ का एक खास हिस्सा है। किसी भी काम को करने के लिए लोग अब एआई का सहारा लेते हैं। एआई एक ऐसा टूल है, जिसके जरिए लोग फोटो भी तैयार करते हैं। कुछ समय पहले ही कटरीना कैफ ने 'मैरी क्रिसमस' स्टार की एआई वर्जन में लेटेस्ट तस्वीरों शेयर की थीं। अब काजोल ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एआई वर्जन में बनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इस पर उनके फैंस भी जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। शुक्रवार को एक्ट्रेस काजोल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। यह फोटोज उनके एआई वर्जन की है। इन फोटोज में उनका विलेन का अवतार देखने को मिल रहा है। फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'आखिरकार मैं इस विचार को घर ले आई, यह सार्थक है। मुझे यह पसंद है, शायद किसी दिन इसे आजमाएं'। इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग के साथ लिखा 'मेरा विलेन इरा शुरू और मेरा हैनिबल लुक'। फोटोज में काजोल का लुक बिल्कुल हैनिबल सीरीज के करैक्टर की तरह लग रहा है। इन फोटो में वह ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दे रही हैं।



## अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, तुलसी सेहत के लिए फायदेमंद

# सर्दियों में च्यवनप्राश की जगह खाएं आयुर्वेदिक चीजें

जब आप छोटे रहे होंगे तब च्यवनप्राश जरूर खाया होगा। इसके अनगिनत फायदे बताकर घर वाले आपको खिलाया करते होंगे। लेकिन अब दौड़ती-भागती जिंदगी के कारण कई लोग इसका सेवन नहीं कर पाते। च्यवनप्राश को गुणों से भरपूर माना जाता है और दावा किया जाता है कि यह इम्यूनिटी मजबूत करता है। इसलिए सर्दियों में इसे खाना काफी फायदेमंद है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

च्यवनप्राश का स्वाद खट्टा-मीठा और तीखा होता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि इसका नाम 'च्यवन' ऋषि के नाम पर रखा गया है। च्यवनप्राश अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, सफेद चंदना, तुलसी, इलायची, अर्जुन, ब्राह्मी, केसर, घृत और शहद आदि को मिलाकर बनाया जाता है। 15 साल से अधिक एक्सपीरियंस वाली डाइटीशियन आशु गुप्ता का कहना है कि आज के समय में लोग नेचुरल फूड्स खाने की अपेक्षा मार्केट में बनी चीजें खाना पसंद करते हैं। अगर आप च्यवनप्राश के इंग्रेडिएंट को डायरेक्ट खाएंगे तो आपको अधिक फायदा होगा। अगर आप चाहें तो च्यवनप्राश जिन चीजों से बनता है, उनमें से कुछ चीजें आपकी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।



### तिल

तिल, सर्दियों में काफी प्रयोग में आती है। इसमें काफी मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। 28 ग्राम तिल में 160 कैलोरीस 5 ग्राम प्रोटीन, 3.3 ग्राम फाइबर होता है। इसमें जिंक, सेलेनियम, कॉपर, आयरन, विटामिन बी 6 और विटामिन ई काफी अच्छी मात्रा में होता है जो शरीर के व्हाइट ब्लड सेल्स को बढ़ाता है।

### आंवला

आंवला पोषक तत्वों का एक पावरहाउस है। यह च्यवनप्राश का मुख्य इंग्रेडिएंट है। आंवला विटामिन सी के सबसे अच्छे सोर्स में से एक है। इसमें काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और इम्यूनिटी बूस्टर होते हैं। 100 ग्राम आंवला में लगभग 700 ग्राम विटामिन सी होता है। सर्दियों में इसके सेवन से काफी फायदा होगा।

### पिपली

स्वाद में तीखा और तासीर में गर्म पिपली 2000 वर्षों से भी पुरानी जड़ी-बूटी है। सदियों से इसका प्रयोग सेहत को अच्छा रखने के लिए होता आ रहा है। खांसी और सर्दी को जड़ से खत्म करने और इम्यूनिटी बढ़ाने में यह काफी फायदेमंद है।

### तुलसी

तुलसी में विटामिन सी और जिंक भरपूर मात्रा में होता है। यह नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है जिससे इंफेक्शन कम होता है। इसमें मौजूद भरपूर मात्रा में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण कई तरह से फायदे पहुंचाते हैं।

### नीम

नीम इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देती है जिससे शरीर विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्त रहता है। यह ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करता है। डायबिटीज वाले लोगों को यह काफी फायदेमंद है। मलेरिया, वायरल फ्लू, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाने में भी यह काफी फायदा पहुंचाता है।

# 50 साल की हुई एक्ट्रेस ट्विंकल



**मुंबई।** एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना आज यानी 29 दिसंबर को अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। जन्मदिन के इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्विमिंग करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उनके साथ पति अक्षय कुमार और दोनों बच्चे आरव और नितारा भी दिखाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर करते हुए 'बस तैरते रहो' और अपने जीवन को रोमांचक बनाने का मैसेज दिया। वीडियो में सभी डाइविंग मास्क और स्विमफिन पहने हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पत्नी ट्विंकल खन्ना के लिए प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है। एक्टर ने हल्क के साथ ट्विंकल की एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मेरे हल्क तुम लंबे समय तक जीती रहो!! अपने ह्यूमर से इतने साल तक हमें हंसाने के लिए धन्यवाद!! भगवान तुम्हारी उम्र में कई और साल जोड़े। जन्मदिन मुबारक हो, टीना।

